SBI **भारतीय स्टेट बैंक** **ई–नीलामी बिक्री सूचना**

एसबीआई होम लोन सेंटर रोहिणी (एनएसपी) ए-5, पर्ल्स बेस्ट हाइट्स-1, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, दिल्ली-110034

# चल सम्पत्ति के लिए 18.06.2026 को ई–नीलामी बिक्री हेतू सूचना

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत चल परिसम्पत्तियों की ई–नीलामी की विक्रय सूचना।**

एतद्द्वारा जनसाधारण को तथा विशेष रूप में ऋणकर्ता(ओं) एवं गारंटर(रों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत ऋणदाता के पास दृष्टिबंधककृत/प्रभारित निम्न विवरणित चल सम्पत्ति, जिसका भौतिक अधिग्रहण भारतीय स्टेट बैंक के प्राधिकृत अधिकारी, प्रतिभूत ऋणदाता द्वारा कर लिया गया है, को **18.06.2026** को **"जैसी है जहां है", "जैसी है जो है" तथा "वहां जो कुछ भी है"** आधार पर बेचा जायेगा, जो कि निम्नानुसार प्रतिभूत ऋणदाता को देय-भुग्तेय बैंक की वसूली हेतु किया जायेगा:-

इच्छुक बोलीदाता ई-नीलामी के बंद होने से पूर्व BAANKNET के पास पूर्व-बोली धराज जमा कर सकते हैं। पूर्व बोली धराज का क्रेडिट बोलीदाता को BAANKNET के बैंक खाता में भुगतान की प्राप्ति तथा ई-नीलामी वेबसाईटों पर ऐसी जानकारी के अद्यतनीकरण के उपरान्त ही दिया जायेगा। बैंकिंग प्रक्रिया के अनुसार इसमें कुछ समय लग सकता है तथा अतः बोलीदाताओं को अपने स्वयं के हित में सलाह है कि वे किसी भी अंतिम समय की समस्या से बचने हेतु अग्रिम रूप में पूर्व-बोली धराज राशि जमा करें।

**ई-नीलामी की तिथि/समयः 18.06.2026 को 10:00 से 04:00 बजे तक 6 घंटों हेतु, 10 मिनट प्रत्येक के असीमित विस्तार के साथ**

| क्र. सं. | उधारकर्ताओं/ गारंटर(रों) के नाम | बकाया देयराशियां, जिनकी वसूली हेतु सम्पत्ति/यां बेची जा रही है/हैं | वाहन का विवरण | आरक्षित मूल्य (रू.) (जिससे कम पर सम्पत्ति नहीं बेची जा सकती)<br>धरोहर राशि (ईएमडी) आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत<br>बोली वृद्धि राशि | प्राधिकृत अधिकारी का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री बिरूगण त्रिपुरा पुत्र श्री कोआसा मोहन त्रिपुरा<br>कार ऋण खाता सं. **42223066002**<br>लोकल निवासी ट्रैफिक बैरक नं.1, आदर्श नगर पुलिस स्टेशन के पीछे, मॉडल टाउन, दिल्ली-32 | रू.3,58,929.71 19.07.2024 के अनुसार साथ ही भावी ब्याज एवं उस पर अन्य खर्चे आदि। | मेक एंड मॉडलः TATA PUNCH PUR 1.2P MT BS6PH2<br>पंजीकरण संख्याः DL10CW0223<br>इंजन नंबरः REVTRN20GWXMC6879<br>चेसिस नंबरः MAT634059PPGB9819<br>चली हुई दूरीः 24361 किमी | ₹ 3,25,000.00<br>₹ 32,500.00<br>₹ 5,000.00<br>*जीएसटी नियमानुसार | श्री राहुल शर्मा (मुख्य प्रबंधक) एचएलसी रोहिणी, ए-5, पर्ल्स बेस्ट हाइट्स-1, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, दिल्ली-110034 फोनः011-43988822 |

**धराज जमा करने की अन्तिम तिथि 17.06.2026 को सायं 04:00 बजे तक अथवा इससे पूर्व है।**
**खाता/वॉलेट जिसमें ईएमडी जमा की जानी हैः** बोलीदाता का अपना वॉलेट जो BAANKNET के पास इसकी ई-नीलामी साइटः https://baanknet.com/eauction-psb/eproc-listing पर NEFT/RETS के माध्यमों से पंजीकृत है। आरक्षित मूल्य की ईएमडी को बोलीदाताओं द्वारा अपने/उनके/उसके बैंक से एनईएफटी के माध्यम से BAANKNET की इसकी अपनी ई-नीलामी साइटः https://baanknet.com/eauction-psb/eproc-listing पर/के पास अनुरक्षित अपने/उनके/उसके बोलीदाता खाते पर उत्पन्न किये गये चालान के माध्यमों से अंतरित किया जाएगा। किसी भी सहायता के लिए कृपया BAANKNET हेल्पडेस्क नं. +91 8291220220, support.BAANKNET@psballiance.com पर कॉल/ई-मेल करें और/या प्राधिकृत अधिकारी (सम्पर्क व्यक्ति) से सम्पर्क करें।

## ई–नीलामी के नियम एवं शर्तें निम्नानुसार हैः

(1) ई-नीलामी का आयोजन **"जैसी है जहां है", "जैसी है जो है" तथा "वहां जो कुछ भी है"** आधार पर की जा रही है और "ऑन लाइन" आयोजित की जाएगी। नीलामी, बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता BAANKNET के माध्यम से उसके वेब पोर्टलः https://baanknet.com/eauction-psb/eproc-listing पर आयोजित की जाएगी।

(2) बैंक के पास नीलामी को निरस्त/स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।

(3) वाहन 15.06.2026 को सुबह बैंकिंग घंटों के दौरान सुबह 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक निरीक्षण के लिए उपलब्ध है, सम्पर्क करेंः श्री हेमंत कुमार, मोबाइलः 9034545090, श्री प्रवीण नागर, मोबाइलः 9813314646, मैसर्स सूरज लीगल सोल्युशंस प्रा. लि., म.नं. 165, बेसमेंट, आई.पी. कॉलोनी, सेक्टर-31, फरीदाबाद, हरियाणा-121003 (समाधान एजेंट)

(4) *सफल बोली लगाने वाले को सफल बोली राशि अर्थात् बिक्री मूल्य पर लागू जीएसटी का भुगतान करना होगा।

(5) प्राधिकृत अधिकारी के सर्वोत्तम ज्ञान एवं सूचना के अनुसार यहाँ सम्पत्ति/यों पर कोई ऋणभार नहीं है। हालांकि, इच्छुक बोलीदाता को अपनी बोली प्रस्तुत करने से पहले ऋणभारों, नीलामी के लिए रखी गई सम्पत्ति/सम्पत्तियों के स्वामित्व तथा सम्पत्ति को प्रभावित करने वाले दावों/अधिकारों/देयताओं के सम्बन्ध में अपनी स्वतंत्र पूछताछ कर लेनी चाहिए।
ई-नीलामी विज्ञापन, बैंक की किसी भी प्रतिबद्धता या अभिवेदन को संस्थापित नहीं करता और न ही संस्थापित करता हुआ माना जायेगा। सम्पत्ति को, बैंक को ज्ञात अथवा अज्ञात सभी विद्यमान और भविष्य के ऋणभारों के साथ बेचा जा रहा है। प्राधिकृत अधिकारी किसी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/देयताओं के लिए किसी भी प्रकार उत्तरदायी नहीं होंगे।

(6) सफल बोली लगाने वाले की बयाना राशि (ईएमडी) को आंशिक बिक्री प्रतिफल के रूप में सुरक्षित रखा जाएगा और असफल बोलीदाताओं की ईएमडी वापस कर दी जाएगी। बयाना राशि जमा पर कोई ब्याज देय नहीं होगा। सफल बोलीदाता को प्राधिकृत अधिकारी द्वारा बोली मूल्य की स्वीकृति पर तुरन्त बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जमा करना होगा और बिक्री मूल्य का शेष, बिक्री के 15वें दिन या उससे पहले जमा करना होगा। सफल बोलीदाता द्वारा राशि जमा करने में चूक होने पर पहले से जमा की गई पूरी धनराशि जब्त कर ली जाएगी और सम्पत्ति को ई-नीलामी के लिए रखा जाएगा और चूककर्ता बोलीदाता का संपत्ति/राशि के सम्बन्ध में कोई दावा/अधिकार नहीं होगा।

(7) विक्रय के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए कृपया बैंक के सेवा प्रदाता के वेब पोर्टलः https://baanknet.com/eauction-psb/eproc-listing तथा ई-नीलामी वेबसाइटः https://BAANKNET.com पर उपलब्ध लिंक देखें।

**स्थानः नई दिल्ली तिथिः 03.06.2026** **प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, एचएलसी रोहिणी (एनएसपी), पीतमपुरा, दिल्ली**